दिनांक 22.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार अस्पतालों से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड 21 आदर्श नगर, वार्ड 24, 31 दुर्गा मंदिर क्षेत्र में डेंगू से पीड़ित पाये गये 3 मरीजों के परिवार से सम्पर्क कर आसपास के क्षेत्रों में डेंगू के रोकथाम हेतु टेमीफास का छिड़काव, कूलर में जमा पानी को खाली करवाने और क्षेत्र की साफ–सफाई, कीटनाशक दवाई का छिड़काव, नागरिकों को बिमारियों से बचाव हेतु जन जागरुकता का कार्य कराकर प्रश्नाधीन क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक कार्य कराया गया।

श्री धमेंन्द्र मिश्रा स्वास्थ्य अधिकारी एवं श्री जावेद अली सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, श्री रामेश्वर चन्द्राकर, श्री अनिल मिश्रा प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, श्री महेश मिश्रा प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, एवं श्री रामायण सिंह जनसम्पर्क विभाग की टीम सफाई कर्मचारियों के साथ वार्ड 21 आदर्श नगर में डेंगू से पीड़ित मरीज राहूल आत्मज रामवृक्ष, वार्ड 24 ताड़ी लाईन श्री शुभम चौधरी के परिवार से भेंट की गई। घर में उपस्थित परिवार के सदस्यों में पीड़ित मरीज अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी गई। परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा डेंगू के रोकथाम हेतु विभिन्न उपाय बताते हुए घर में पनपने वाले डेंगू के मच्छर के संबंध में समझाईस दी गई और पीड़ित मरीज के घर के 200 मीटर की परिधि में स्थित सभी मकानों में निगम के कर्मचारियों द्वारा टेमीफास का छिड़काव, जमा पानी स्थलों पर मलेरिया आईल डाला गया। क्षेत्र की साफ–सफाई कराई गई। सफाई के उपरान्त ब्लीचिंग एवं चुना पावडर का छिड़काव कराया गया। वार्ड 31 दुर्गा मंदिर बासी बाई के घर जााकर सम्पर्क किया गया, बासी बाई ठीक होकर घर आ चुकी है। बासी बाई से भेंटकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लिया गया वह वर्तमान में स्वस्थ्य है। इसी क्रम में दुर्गा मंदिर के आसपास के क्षेत्र में निगम के कर्मचारी द्वारा टेमीफास का छिड़काव, जमा पानी स्थलों पर मलेरिया आईल डाला गया। क्षेत्र की साफ–सफाई कराई गई। सफाई के उपरान्त ब्लीचिंग एवं चुना पावडर का छिड़काव कराया गया।

वार्ड 21 आदर्श नगर में उक्त कार्य के दौरान स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत रहवासी संघ एवं गणेश उत्सव समिति के प्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र की साफ–सफाई का कार्य भी किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नागरिकों को इस कार्य में अधिक से अधिक जुड़ने एवं सहयोग के लिए अपील किया गया।

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने शहरवासियों से अपील की है कि जलजनित एवं मौसमी बिमारियों के रोकथाम हेतु आसपास का वातावरण स्वच्छ रखें, मच्छर के बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करें, घर के अंदर पानी का जमा नहीं होने दें, कूलर, पानी टंकी, गमला, टायर अन्य पात्र में पानी जमा न होने दें।

जन सम्पर्क अधिकारी